आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश समेत देश के सैंतालीस स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में इक्यावन हज़ार युवाओं को वर्चुअली सौंपे नियुक्ति पत्र। कहा–सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रमों के जरिये लाखों युवाओं को मिल रही स्थायी नौकरी।
- अहमदाबाद विमान दुर्घटना की एएआईबी ने जारी की पन्द्रह पन्नो की प्रारम्भिक रिपोर्ट। रिपोर्ट के अनुसार विमान के इंजन को ईंधन की आपूर्ति बन्द होने से हुयी दुर्घटना।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे। बड़ी काली जी मंदिर परिसर में बने नए ब्लॉक का किया उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आर्थिक सलाहकार समूह के विशेषज्ञों से की मुलाकात। नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और छवि निर्माण पर हुआ मंथन।
- प्रदेश के कई जनपदों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। चित्रकूट में मंदाकिनी सहित राज्य में कई नदियां उफान पर।

**********

युवाओं को रोजगार के माध्यम से सामाजिक विकास का लक्ष्य हासिल करने की सरकार की आकांशाओं के अनुरूप कल उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न भागों में 16वां रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नई भर्तियों के लिए 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नव नियुक्तों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रम के जरिए लाखों युवा केंद्र सरकार में पहले ही स्थाई रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

***केंद्र सरकार में युवाओं को पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान निरंतर जारी है और हमारी पहचान भी है। बिना पर्ची बिना खर्ची आज 51000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। अब यह नौजवान राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।***

प्रधानमंत्री ने कहा है रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

***आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक डेमोग्राफी दूसरी डेमोक्रेसी युवाओं का यह सामर्थ हमारे भारत के उज्जवल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी भी है और सबसे बड़ी गारंटी भी है और हमारी सरकार इसी पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में दिन रात जुटी है।***

श्री मोदी ने कहा कि सरकारी विभागों में नवनियुक्त युवा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है। इसी क्रम में कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 270 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, आगरा में केन्द्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल और झांसी में केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने भी युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**********

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो–ए.ए.आई.बी. ने अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में 15 पन्नों की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट जारी कर दी है। रिपोर्ट में घटनाक्रम और एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान ए.आई.–171 की ईंजन की स्थिति की जांच की गई। इससे पता चला है कि विमान के इंजन को ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई थी।

जांच एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उड़ान भरने के कुछ सैकेंड में ही विमान के दोनों ईंजन के ईंधन स्विच एक सैकंड के अंतराल पर ही रन मोड से कटऑफ मोड में बदल गए जिसके कारण यह भीषण दुर्घटना हुई। इस बीच, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने एएआईबी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रारंभिक निष्कर्षों पर आधारित है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि अंतिम रिपोर्ट जारी होने तक किसी निष्कर्ष पर न पहुंचें। एयर इंडिया ने कहा है कि वह सभी विनियामकों और पक्षकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है और अहमदाबाद विमान दुर्घटना की चल रही जांच में अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करता रहेगा।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे। इस दौरान श्री सिंह ने नगर के चौक स्थित श्री बड़ी काली जी मंदिर परिसर में नव निर्मित शंकराचार्य भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की।

*भारतीय सेनाओं पर मां काली की विशेष कृपा रही है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी भारतीय सेनाओं ने अपने अद्‌भुत शौर्य, वीरता और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान पर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों का सफाया करने में पूरी तरह से कामयाबी हासिल की है। पूरी तरह से आतंकवादी ठिकानों को तहस नहस कर दिया है। इस ऑपरेशन में महिला सैनिकों और पाइलटों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। केवल पुरुष सैनिक ही नहीं बल्कि महिला सैनिकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया था और मां काली के एक स्वरूप से दुश्मनों के उन्होंने छक्के छुड़ा दिये थे*

इससे पहले रक्षामंत्री ने प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और केजीएमयू में भर्ती पूर्व एमएलसी विन्ध्यवासिनी कुमार का कुशलक्षेम जाना। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान रक्षा मंत्री आज नेशनल पीजी कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रभानु गुप्ता की मूर्ति का अनावरण करेंगे और उनका डाक टिकट जारी करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल लखनऊ में आर्थिक सलाहकार समूह के विशेषज्ञों से मुलाकात की। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास एवं छवि निर्माण हेतु नियोजन विभाग के अंतर्गत नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह में कृषि, शिक्षा, सेमी कंडक्टर, एमएसएमई, स्टार्टअप जैसे अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे देश के विषय विशेषज्ञ शामिल थे।

इस दौरान समूह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने कुछ सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने समूह को संबोधित करते हुए कहा कि समूह की तरफ से प्राप्त सुझाव स्वागत योग्य हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में अग्रसर है। इसके लिए प्रदेश के सभी विभाग मिलकर तेज गति से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सलाहकार समूह से प्राप्त होने वाले सुझावों का तय समय पर क्रियान्वयन आवश्यक है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भारत में पशु नस्लों का विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों के हितों के लिये प्रतिबद्ध है और पिछले 11 वर्षो के दौरान इस दिशा में सभी ठोस उपाय कर रही है। राज्य सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास और गोवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है।

***गो आधारित खेती के महत्व को आगे बढ़ाने के लिए इस दिशा में प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। ये अन्नदाता किसान की आमदनी को भी बढ़ाने में योगदान देंगे और अन्नदाता किसान की आमदनी बढ़ेगी, उसकी समृद्धि बढ़ेगी, तो देश की समृद्धि को कोई रोक नहीं सकता है। अवश्य देश समृद्धि के नए सोपान कोप्राप्त करेगा और आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने में मदद मिलेगी. प्रदेश में इस दिशा में और भी प्रयास हुए हैं जैसे लैंड लॉक्ड स्टेट में उत्तर प्रदेश मत्स्य उत्पादन में आज अग्रणी राज्यों में है, अंडा उत्पादन में, कुक्कुट पालन में भी उत्तर प्रदेश ने अच्छी छलांग लगाई है।***

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने भी अपने विचार रखे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में श्री गुरु तेग बहादुर संदेश यात्रा के शुभारम्भ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने गुरु तेग बहादुर जी के साहस और त्याग का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिये सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था।

**********

प्रदेश में कांवड़ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में जारी है। कांवड़ यात्रा और अयोध्या में सावन मेले को लेकर जिला प्रशासन और नगर निकायों ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं की है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल अयोध्या में सावन मेले को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

**********

प्रदेश के कई जनपदों में रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। तेज बारिश से चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर है। कल नदी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया और बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं वाराणसी में नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के बाद फिलहाल स्थिर हो गया है। बढ़े जलस्तर के चलते कई घाटों की सीढ़ियां पूरी तरह डूब चुकी हैं। मौसम विभाग ने लखनऊ सहित 48 जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

**********